भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा.सं. रा.भा. 1(7)/2015-हिन्दी दिनांक 06 मार्च, 2017

परिपत्र

माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 17 जनवरी, 2017 को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तीनों विभागों की संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं:-

1. मंत्रालय के तीनों विभागों में हिन्दी दिवस के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं से संबंधित प्रथम, द्वितीय और तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार की राशि बढ़ाई जाए।
2. तीनों विभागों में एवं इनके अधीनस्थ कार्यालयों तथा निकायों में रिक्त पड़े हिन्दी पदों को तत्काल भरने की कार्रवाई की जाए।
3. प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों एवं आशुलिपिकों तथा लिपिकों को हिन्दी ज्ञान, हिन्दी आशुलिपिक और हिन्दी टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया जाए।
4. जहां तक संभव हो अनुसंधान के क्षेत्र में भी हिन्दी के अधिक से अधिक प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए।
5. सरल शब्दकोश तैयार करने के लिए संबंधित संस्था/राजभाषा विभाग से प्रयास करने के लिए आग्रह किया जाए।
6. हिन्दीत्तर भाषी क्षेत्रों में स्थानीय भाषा में प्रशिक्षण सामग्री प्रकाशित की जाती है उसमें यथा संभव द्वितीय भाषा के रूप में हिन्दी का प्रयोग किया जाए।
7. यह समिति मंत्रालय के तीनों विभागों तथा उनके अधीनस्थ कार्यालायों में हिन्दी कामकाज की स्थिति का मूल्यांकन करती है। इसीलिए, सभी वरिष्ठ अधिकारी मूलत: हिन्दी कार्य को बढ़ावा देने के लिए परिणामोन्मुखी (Result Oriented) प्रयास करें।

अत: आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्णयों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

सीमा चोपड़ा 6.3.17
(सीमा चोपड़ा)
निदेशक (राजभाषा)

वितरण:-

1. भा.कृ.अ.प. के सभी अधिकारी/अनुभाग जिसमें पूसा स्थित कृषि अनुसंधान भवन-I और II भी शामिल है।
2. भा.कृ.अ.प. के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों के निदेशक को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. मुख्य तकनीकी अधिकारी, कृषि अनुसंधान सूचना केन्द्र, कमरा नं. 702, डीकेएमए, कृषि अनुसंधान भवन-I, पूसा, नई दिल्ली-12 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की कृपया इसे परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करें।
4. गार्ड फाइल ।